बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना– 800001

<u>शुद्धि पत्र</u>

स्वास्थ्य विभाग, बिहार के अन्तर्गत राज्य के चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पतालों के विभिन्न विभागों में सहायक प्राध्यापक के कुल 1171 (एक हजार एक सौ एकहत्तर) पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन सं०– 07/2017 से 31/2017 को प्रमुख समाचार पत्रों में दिनांक 25.04.2017 को प्रकाशित किया गया था, जिसमें उम्र सीमा से संबंधित कंडिका–4 में अंकित अंतिम वाक्यांश **''बिहार राज्य स्वास्थ्य सेवा संवर्ग के सदस्यों के लिए इस उम्र सीमा में 5 (पाँच) वर्षों की छूट दी जायेगी''** को विलोपित किया जाता है।

उक्त विज्ञापन की कंडिका–15 में वर्णित अनुलग्नकों/ स्वअभिप्रमाणित प्रमाण–पत्रों के साथ अभ्यर्थी निम्नांकित अनुलग्नक/स्वअभिप्रमाणित प्रमाण–पत्र आवेदन पत्र के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करेंगे :–

1. MBBS के सभी सत्रों के उत्तीर्ण एवं अनुत्तीर्ण परीक्षाओं के अंक पत्र;
2. MBBS उत्तीर्णता से संबंधित Attempt Certificate, जो कॉलेज/विश्वविद्यालय/ संस्थान से निर्गत हो;
3. आवेदित पद के अनुरूप शैक्षणिक योग्यता से संबंधित सभी डिग्री भारतीय चिकित्सा परिषद् से मान्यता प्राप्त है, इस आशय का संबंधित कॉलेज/विश्वविद्यालय/संस्थान से निर्गत प्रमाण–पत्र;
4. विज्ञापन की कंडिका–5(क), (ख), (ग), (घ) एवं (च) में वर्णित शैक्षणिक योग्यता के अंकों की गणना की स्वअभिप्रमाणित अंक तालिका आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें।

शुद्धि पत्र प्रकाशन के पूर्व जो अभ्यर्थी आवेदन कर चुके हैं, वे उपर्युक्त कंडिका–1 से 4 में अंकित अनुलग्नक के साथ चालान की तीसरी प्रति (Depositor's Copy) की छायाप्रति संलग्न करते हुए लिफाफा पर विज्ञापन संख्या, अपना नाम एवं पता स्पष्ट रूप से लिखते हुए आयोग कार्यालय को स्पीड पोस्ट से आवेदन प्राप्ति के लिए निर्धारित अंतिम तिथि 31.05.2017 के अपराह्न 5:00 बजे तक अनिवार्य रूप से भेजें।

विज्ञापन की शेष शर्तें यथावत् रहेंगी।

विशेष सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना